कार्यालय :– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, चतरा उत्तरी वन प्रमण्डल।
वन भवन – चतरा, (झारखण्ड) – 825401
फोन नं0– 06541-296022, Email : (1) dfo-chatranorth@gov.in (2) dfochatranorth@gmail.com

पत्रांक :–.....1616.....   दिनांक :–..03.07.25..

सेवा में,

Chetan Kumar Mishra
Territory Manager (GAS) Jharkhand 1
Bharat Petroleum Corporation Limited
1st Floor BSNL Exchange Office Campus
Chatra, Jharkhand

विषय :– **प्रस्ताव संख्या FP/JH/Pipeline/145009/2021 चतरा जिला अंतर्गत गैस वितरण हेतु मौजा–हरहद से अरिहंत फ्युल, चतरा तक Carbon Steel & PE Natural Gas Pipeline निर्माण के क्रम में 0.1082 हे0 वनभूमि अपयोजन के संबंध में।**

प्रसंग :– (1) आपका पत्र संख्या PL/CGD/CHATRA/5.0/CP/FOREST Dt. 23.03.2025
(2) इस कार्यालय का पत्रांक 1498 दिनांक 25.06.2025
(3) आपका पत्र संख्या PL/CGD/CHATRA/6.2/CP/FOREST Dt. 26.06.2025

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्रों के संबंध में सूचित करना है कि प्रस्ताव संख्या FP/JH/Pipeline/145009/2021 चतरा जिला अंतर्गत गैस वितरण हेतु मौजा–हरहद से अरिहंत फ्युल, चतरा तक Carbon Steel & PE Natural Gas Pipeline निर्माण के क्रम में 0.1082 हे0 वनभूमि अपयोजन का संशोधित प्रस्ताव समर्पित किया गया है, जिसके जाँचोपरान्त इस कार्यालय के प्रासंगिक पत्र (2) द्वारा आंशिक त्रुटियाँ संशोधन हेतु निर्देश दिया गया था, तत्पश्चात आपके प्रासंगिक पत्र (3) द्वारा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में संशोधित प्रस्ताव में No Violation of FC Act, 1980 से संबंधित Undertaking समर्पित किया गया, जिसके जाँचोपरान्त पाया गया कि संबंधित वन क्षेत्र पदाधिकारी से प्राप्त अपराध प्रतिवेदन अनुसार दिनांक 20.02.2025 को सक्षम प्राधिकार की बिना पुर्वानुमति के आपके द्वारा कार्य प्रारम्भ कर वन (संरक्षण एवं संवर्द्धन) अधिनियम, 1980 का उल्लंघन (Violation) किया गया है। जिसमें बरवाडीह सुरक्षित वन में वन सीमा के अंदर अवैध रूप से बिना पूर्वानुमति के चतरा–चौपारण मुख्य पथ के किनारे गैस पाईप लाईन डालने एवं गैस पाईप लाईन से संबंधित चेतावनी बोर्ड लगाने का कार्य किये जाने का स्पष्ट उल्लेख किया जाना अपेक्षित है। फलस्वरूप, समुचित त्रुटि निराकरण करते हुये पुनः संबंधित आवश्यक Undertaking समर्पित की जाय।

अतः प्रस्ताव ऑनलाईन वापस करते हुए निर्देश है कि उपरोक्त त्रुटि का निराकरण कर पुनः संशोधित प्रस्ताव समर्पित करना सुनिश्चित करें, ताकि अग्रेतर कार्रवाई किया जा सके।

विश्वासभाजन

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
चतरा उत्तरी वन प्रमंडल।
03/07/25